दिन– शनिवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 28 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 05 मिनट

---

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का नई दिल्ली के निगम बोध घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह और जगत प्रकाश नड्डा तथा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने डॉ. सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित कांग्रेस पार्टी के कई नेताओं ने उन्हें अंतिम विदाई दी। थल सेना अध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख दिनेश के. त्रिपाठी, वायु सेना प्रमुख अमरप्रीत सिंह, भूटान नरेश जिगमे खेसर नामग्याल वांगचुक और मॉरिशस के विदेश मंत्री धनंजय रामफल ने भी डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। इससे पहले पूर्व प्रधानमंत्री के पार्थिव शरीर को आज सुबह कांग्रेस मुख्यालय से अंत्येष्टि स्थल निगम बोध घाट लाया गया। उनके पार्थिव शरीर को उनके निवास से कांग्रेस मुख्यालय लाया गया था जहां लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके अंतिम दर्शन किए। डॉ. मनमोहन सिंह का 92 वर्ष की आयु में बृहस्पतिवार को नई दिल्ली के एम्स में निधन हो गया था।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ सत्रहवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। इसके अलावा मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगा। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

---

बिहार लोक सेवा आयोग की सत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा रद्द किए जाने की मांग को लेकर पटना के गर्दनीबाग में उम्मीदवारों का धरना प्रदर्शन आज ग्यारहवें दिन भी जारी है। प्रदर्शनकारी छात्रों ने कहा है कि वे इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री से बात कर उनसे हस्तक्षेप का अनुरोध करना चाहते है। इधर, बीपीएससी ने एक बार फिर कहा है कि तेरह दिसम्बर को हुई सत्तरवीं एकीकृत संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा रद्द नहीं की जाएगी। आयोग के परीक्षा नियंत्रक राजेश कुमार सिंह ने कहा कि पटना के बापू परीक्षा परिसर की रद्द परीक्षा अपने निर्धारित कार्यक्रम चार जनवरी दो हजार पच्चीस को आयोजित होगी।

---

जहानाबाद जिले के घोषी प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायतों के पैक्स अध्यक्ष के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आज मतदान कराया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सभी बूथों पर सुरक्षा कर्मी तैनात किए गए हैं। गौरतलब है कि मतदाता सूची में गड़बड़ी के कारण पिछले दिनों यहां पैक्स चुनाव रोक दिया गया था।

---

मौसम विभाग ने आज राजधानी पटना समेत राज्य के दक्षिणी और उत्तर–पश्चिमी भागों में कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने बताया अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के दक्षिण–पश्चिम भागों के अधिकांश स्थानों में घना कोहरा और शेष भागों में हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा छाये रहने की संभावना है। इस दौरान मेघगर्जन और वज्रपात की भी आशंका जताई गयी है। इधर, मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार राज्यभर में अधिकतम और न्यूनतम तापमान अभी भी सामान्य से लगभग चार डिग्री सेल्सियस ऊपर बना हुआ है।

---

एनआईटी, पटना का तेरहवां दीक्षांत समारोह आज पटना में आयोजित किया जाएगा। समारोह में चौदह छात्र–छात्राओं को गोल्ड मेडल प्रदान किये जायेंगे। साथ ही एक हजार बहत्तर छात्र–छात्राओं को उपाधि प्रदान की जाएगी।

———————————————————————

दरभंगा के लक्ष्मेश्वर सिंह पब्लिक लाइब्रेरी में नॉर्थ बिहार हॉर्टीकल्चर सोसाइटी की ओर से दो दिवसीय पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्घाटन जिलाधिकारी राजीव रौशन ने किया।

———————————————————————

अररिया जिला में पुलिस ने सघन वाहन जांच अभियान चलाकर ढ़ाई दर्जन अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

समाप्त